आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा।
- प्रदेश में 5 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग में भीड़ प्रबंधन के निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा— अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन 2014 से 2022 तक 44 प्रतिशत बढ़ा।
- मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के मैदानी हिस्सों में कहीं—कहीं अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में, कल के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच—पांच, झारखंड की तीन और जम्मू—कश्मीर और लद्दाख की एक—एक सीट शामिल हैं। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित 695 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल, कांग्रेस के राहुल गांधी और के. एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और लोक जनशक्ति पार्टी —रामविलास गुट के चिराग पासवान शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। 94 हजार 732 मतदान केंद्रों पर 9 लाख 47 हजार से अधिक मतदानकर्मी तैनात किए जाएंगे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैम्प, शौचालय, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई है।चुनाव के पहले चार चरणों में अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 379 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुका है। इन चुनावों में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुआ है।

चारधाम दर्शन

प्रदेश के चारों धामों में रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। यात्रा सुव्यस्थित रूप से संचालित हो रही है। अबतक पांच लाख 60 हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के 10 दिन के भीतर दोनों धामों में पहुंचने वाले यात्रियों का आंकड़ा दो लाख के पार हो गया है। आज भी इन धामों में रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। पुलिस के अनुसार यात्रा रूटों, गेट व वन—वे व्यवस्था लागू किए जाने से ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रण में है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने आज केदारनाथ में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धाम और यात्रा मार्ग में भीड़ के प्रबंधन के निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि यात्रा के व्यवस्थित संचालन के लिए शासन—प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## यात्रा व्यवस्था

चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को पानी, खाना, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। पीने के पानी के लिए मार्गों पर वाटर एटीएम लगाए गये हैं। आज देवप्रयाग के जल संस्थान के अधिशासी अभियंता नरेश पाल ने क्षेत्र में यात्रा मार्ग पर यात्रियों को दी जा रही पेयजल सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्मपुरी से लेकर कीर्तिनगर तक सभी सात वाटर एटीएम और टैंक टाइप स्टैण्ड पोस्ट पर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है।

## चेरी उत्पादन

अल्मोड़ा जिले के चौबटिया में स्थित उद्यान निदेशालय में पहली बार चेरी का उत्पादन शुरू हुआ है। सामान्य रूप से यह उद्यान, सेब की 125 प्रजातियों के लिए जाना जाता है। चेरी उत्पादन के लिए फरवरी 2022 में उद्यान की मिट्टी का परीक्षण किया गया और इसके लिए एक अलग ब्लॉक स्थापित किया गया। इस ब्लॉक में 11 से अधिक प्रजातियों के 960 चेरी के पौधे लगाए गए, जिसमें कई पौधों में इस बार फल आने शुरू हो गए हैं। मुख्य उद्यान अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अगले साल अगर चेरी की अच्छी पैदावार होती है तो उद्यान के सेल काउंटर पर इसे उपलब्ध कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2014–15 के मुकाबले 44 प्रतिशत बढ़ गई है। पहले यह संख्या 46 लाख थी, जो 2021–22 तक 66 लाख हो चुकी है। अल्पसंख्यक महिला विद्यार्थियों की संख्या भी 2014–15 के मुकाबले 42 प्रतिशत बढी है। वहीं अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों की संख्या में 51 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के दाखिले में 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020–21 में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के तहत 34 हजार से अधिक बच्चों को दाखिला मिला है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में, अन्य पिछड़ा वर्ग के दाखिले में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इनमें महिलाओं की संख्या बढकर दोगुनी हो गई है।

## टिहरी बांध जलस्तर

टिहरी बांध परियोजना में एक जून से पंपिग स्टोरेज प्लांट का ट्रायल किया जाना है। इसके लिए झील का जलस्तर कम किया जा रहा है। जलस्तर कम होने से कई शहरों और राज्यों में पानी की कमी को देखते हुए जल संस्थान ने अतिरिक्त व्यवस्थाएं कर ली हैं। पेयजल की कमी को देखते हुए विभाग ने टिहरी शहर को 8 जोन में बांटा है। टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड–टी.एच.डी.सी के कार्यकारी निदेशक एल.पी. जोशी ने बताया कि जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होनें कहा कि पीने के पानी की कमी होने की स्थिति में अलकनंदा से संबंधित शहरों और राज्यों को पानी की आपूर्ति की जाएगी।गौरतलब है कि टिहरी बांध से पंपिंग योजना के माध्यम से नई टिहरी, देवप्रयाग, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को भी पेयजल की आपूर्ति की जाती है।

प्रशिक्षण शिविर

पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए अल्मोडा पुलिस लाइन में 15 दिवसीय निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। हैड कांस्टेबल भवान सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह व शाम दो सत्रों में दिया जा रहा है, जिसमें युवाओं को स्ट्रेचिंग, लंबी कूद, बॉल थ्रो, दौड़ व अन्य शारीरिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें जिले के युवा बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

मॉनसून

राज्य सरकार ने आगामी मॉनसून की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए संबंधित अधिकारी लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी भूषण ने देहरादून में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को मॉनसून को देखते हुए सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। श्रीमती भूषण ने अधिकारियों को पौडी गढ़वाल में खो नदी पर बन रही सुरक्षा दीवार, सिद्धबली सेतु और गाड़ीघाट पुल का सुरक्षात्मक कार्य जल्द पूरा करने को कहा।

मौसम

प्रदेश के मैदानी इलाकों में आज भीषण गर्मी महसूस की गयी। स्वास्थ्य और मौसम विभाग ने गर्मी से बचाव के लिए लोगों को अधिक से अधिक पानी का सेवन और छाव में रहने की सलाह दी है। साथ ही धूप में निकलन पर सर को ढ़कने को कहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के लिए राज्य में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों के मैदानी हिस्सों में कुछ स्थानों में अत्यधिक गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घण्टों के दौरान रूड़की में सबसे अधिक 41 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना भी जताई है।